आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 28.09.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों के मौसम में वोकल फॉर लोकल के मंत्र का स्मरण रखते हुए, इन्हें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की हैं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पंहुचाना सरकार की प्राथमिकता हैं
- प्रदेशभर में जीएसटी बचत उत्सव के तहत जनजागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं
- एशिया कप टी–20 क्रिकेट के खिताबी मुकाबले में आज भारत और पाकिस्तान की टीम आमने सामने होगीं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों के मौसम में वोकल फॉर लोकल के मंत्र का स्मरण रखते हुए, इन्हें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की हैं आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में आज श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और भारतीय उत्पादों को खरीदने से परिवार में खुशियां बढ़ जायेंगीं श्री मोदी ने कहा कि स्वदेश में तैयार उत्पादों को खरीदने से कारीगरों के परिश्रम का सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगें

.....

श्री मोदी ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की भी स्वच्छता पर ध्यान दिया जाना चाहिएं आगामी दो अक्तूबर को गांधी जयंती के सम्बंध में श्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर जोर दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थीं

....

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और गायिका लता मंगेशकर की जयंती होने के कारण मन की बात की यह कड़ी काफी महत्वपूर्ण हो गई हैं

.....

श्री मोदी ने कहा कि अब छठ पूजा एक वैश्विक उत्सव में बदल रही हैं उन्होंने कहा कि सरकार इस महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास कर रही हैं
इस सूची में शामिल होने से दुनियाभर के लोग छठ पूजा की भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगें श्री मोदी ने कहा कि अब कारोबार से लेकर खेल जगत तक और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक – हर क्षेत्र में बेटियां अपनी पहचान बना रही हैं उन्होंने नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों लेफ्टीनेंट कमांडर दिलना और रूपा की उपलब्धि की चर्चा की, जो नाविक सागर परिक्रमा के दौरान आठ महीने तक समुद्र में यात्रा करती रहीं प्रधानमंत्री ने पूरे देश में अपनी पहचान बनाने वाले असम के लोकप्रिय गायक ज़ुबिन गर्ग के असामयिक निधन पर भी शोक व्यक्त कियां उन्होंने कहा कि ज़ुबिन का असम की संस्कृति से गहरा लगाव था और उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करता रहेगां श्री मोदी ने देशवासियों को दशहरा और दीपावली की शुभकामनाएं दीं

प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह नजर आयां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर स्थित अपने निवास पर आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनां वहीं प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदाधिकारियो के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनां उन्होंने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को प्रेरणा से भर दियां सवाईमाधोपुर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मन की बात कार्यक्रम को बडी संख्या में लोगों ने सुनां वहीं पाली में मन की बात के 126वें एपिसोड को सुनकर लोगों ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लियां सिरोही जिले में विभिन्न बूथों

पर मन की बात कार्यक्रम को आमलोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनां जिले में स्थित प्रदेश के सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ शेर गांव में भी ग्रामीणों ने मन की बात कार्यक्रम को सुनां

0000000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहें श्री शर्मा आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा में हम सभी आस–पास के लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ें तथा सेवा पखवाडा में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें

00000

मुख्यमंत्री ने आज डीग के गुहाना में श्री जड़खोर गोधाम में आयोजित श्रीकृष्ण बलराम गो–आराधन महोत्सव में शिरकत कीं उन्होंने बिहारी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना कीं इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण और संवर्द्धन के लिए संकल्पित हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष बजट में प्रदेश के लघु और सीमांत किसानों को बैलों से खेती करने पर 30 हजार रूपये प्रतिवर्ष देने का प्रावधान किया हैं इससे पहले मुख्यमंत्री प्रतापगढ़ पहुंचें उन्होंने अंबा माता का खेड़ा में पूर्व मंत्री नन्दलाल मीणा की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दीं

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थीं 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा हैं जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोग लाभान्वित हो रहे हैं इसी कडी में प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से आमलोगों को जागरूक किया जा रहा हैं इसी कडी में आज पाली में वाणिज्य कर विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयां इस दौरान चौराहों पर पोस्टर बैनर लगाये गये और रैली निकाली गईं

वहीं सवाईमाधोपुर में केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से डूंगरी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयां

कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान, केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए जीएसटी बचत उत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गईं इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली भी निकालीं जैसलमेर में जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत शहर के व्यापारियों और उपभोक्ताओं को जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी दी जा रही हैं उत्सव में जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी सहभागिता निभा रहे हैं सिरोही में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा हैं

....

जयपुर में आज ग्रीन फिट इंडिया मैराथन आयोजित की गईं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस मैराथन को विद्याधर नगर क्षेत्र से रवाना कियां इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और साफ–सफाई रखने का आग्रह कियां साथ ही लोगों को सेवा पखवाड़े के दौरान सेवा भाव से काम करने की अपील कीं

.....

कोटा के आनंदपुरा थाना क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत में स्थित फ्लेट में आग लगने से दो बच्चों की मृत्यु हो गईं हादसे के वक्त दोनो बच्चे फ्लेट में अकेले सो रहे थें भवन में धुआं उठते देख पडौसियों ने दरवाजा तोडकर बच्चों को बाहर निकाला और अस्पताल पंहुचाया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गयां जानकारी के अनुसार मृतक दस वर्षीय वीर टीवी सीरियलों में बाल कलाकारों के रूप में काम करता थां प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से फ्लैट में धुआं भर गया था, जिससे दोनों की दम घुटने से मृत्यु हो गईं

00000

उत्तर पश्चिम रेल्वे के चारों मंडलों में रेल मार्ग को कवच 4.0 प्रणाली से लैस किया जाएगां इनमें जोधपुर मंडल भी शामिल हैं इस टक्कररोधी कवच प्रणली योजना पर 23 सौ करोड रूपये खर्च किये जायेंगें इस राशि से जोन के साढ़े पांच हजार किमी लंबे रेलमार्ग पर कवच 4.0 प्रणाली की स्थापना होगी और रेल

मार्ग टक्कररोधी बन सकेंगें गौरतलब है कि टक्कररोधी कवच प्रणाली का विकास 2015 में शुरू हुआं इस प्रणाली का तीन वर्षों से अधिक समय तक व्यापक परीक्षण करने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू हुईं

00000

एशिया कप टी–20 क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबला होगां ये फाइनल मुकाबला रात 8 बजे से दुबई में खेला जाएगां एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगीं भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका हैं

0000

क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की 118वीं जयंती पर आज देश उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा हैं भगत सिंह का जन्म वर्ष 1907 में आज ही के दिन पंजाब के लायलपुर ज़िले के बंगा गाँव में हुआ था जो अब पाकिस्तान में हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने माँ भारती के लिए सर्वस्व बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया हैं

0000